प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 138 /2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 27-11-2025

**तत्काल प्रकाशन हेतु**

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने दिल्ली शहर में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने अक्टूबर 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए दिल्ली लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे।

06 अक्टूबर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 402.0 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 14 हॉटस्पॉट स्थानों, 6.1 किमी वॉक टेस्ट और 01 स्थान पर इंटर ऑपरेटर कॉलिंग विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


**ख) डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।


**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.50%, 86.53%, 99.30% और 98.59% है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.00%, 7.46%, 0.00% और 0.20% है।

### प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन

सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (% में),एमओएस: मीन ओपिनियन स्कोर ।



**सारांश- वॉइस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल , आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.50%, 86.53%, 99.30% और 98.59% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल , आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 0.82, 3.62, 0.66 और 0.69 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 7.46%, 0.00% और 0.20% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.76%, 2.53% और 0.88% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, एमटीएनएल , आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 4.00, 2.73, 3.80 और 4.38 है।

**सारांश- डाटा सेवाएं**

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 234.00 Mbps, एमटीएनएल (3G/2G) की 5.04 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 249.02 Mbps, और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 23.82 Mbps, है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 31.83 Mbps, एमटीएनएल (3G/2G) की 1.68 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 25.98 Mbps, और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 11.38 Mbps, है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 11.69 ms. 21.32 ms. 15.18 ms. और 35.03 ms. है।

**डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| **एयरटेल-** | 4G D/L: 28.61 | 4G U/L: 8.24 |
| | 5G D/L: 235.46 | 5G U/L: 29.93 |
| **आरजेआईएल-** | 4G D/L 44.13 | 5G U/L: 9.76 |
| | 5G D/L: 291.96 | 5G U/L:28.24 |
| **वीआईएल-** | 4G D/L: 18.36 | 4G U/L: 5.90 |
| | 5G D/L: 30.40 | 5G U/L:24.51 |

**नोट- "डी/एल" डाउनलोड स्पीड, "यू/एल" अपलोड स्पीड 4जी और 5जी तकनीक एमटीएनएल में नहीं देखी गई है**

दिल्ली में नेटवर्क के मूल्यांकन में शालीमार बाग, पश्चिम विहार, विकासपुरी, नजफगढ़, जनकपुरी, द्वारका, उद्योग विहार, सरहोल, सिकंदरपुर और गुरुग्राम (सेक्टर 10 ए, 49 और 44) आदि जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने दून पब्लिक स्कूल पश्चिम विहार, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह जी बाबा फतेह सिंह जी फतेह नगर, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान जनकपुरी, इस्कॉन मंदिर पंजाबी बाग, कीर्ति नगर फर्नीचर मार्केट, कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन, लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल, पश्चिम विहार वेस्ट मेट्रो स्टेशन, राजौरी गार्डन मार्केट, रामकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल विकासपुरी, रोहिणी कोर्ट कॉम्प्लेक्स, वेगास मॉल द्वारका और वेंकटेश्वर अस्पताल द्वारका में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

दिल्ली शहर में आयोजित 9-10 अक्टूबर 2025 को आयोजित वॉक टेस्ट में गुरुग्राम स्थित डीएलएफ साइबर हब तथा पश्चिम विहार स्थित ज्वाला हेरी मार्किट पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया, जो भीड़भाड़ वाले यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करता है।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में ट्राई कैलिब्रेटेड इक्युपमेंटस की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली ) भादूविप्रा से ईमेल adv.ca@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

Vivek Khare

(विवेक खरे)
सलाहकार, आरओ दिल्ली, ट्राई